(ख) क्या सरकार का विचार इनकी भारतीय पत्नियों के दाम्पत्य अधिकारों को उनको दिलाने के लिए तथा अपनी भारतीय पत्नियों को अपने साथ रखने के लिये इन अधिकारियों पर दबाव डालने के लिये कार्यवाही करने का है ; और

(ग) यदि नहीं तो इन अधिकारियों को विदेशी महिलाओं से विवाह करने की अनमति देने के क्या कारण हैं जबकि उनकी भारतीय पत्नियां जीवित हैं ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)**: (क) और (ग). तथ्य मालूम किये जा रहे हैं ।

(ख) ऐसी कार्यवाही करना सरकार का काम नही है ।

**दिल्ली में गणमान्य व्यक्तियों के लिए पुलिस की व्यवस्था**

4610. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे का :

(क) क्या यह सच है कि **प्रधान मंत्री** ने 9 सितम्बर, 1969 की संध्या को रामलीला मैदान में आयोजित एक सार्वजनिक सभा में भाषण दिया था ;

(ख) यदि हां, तो उनके रामलीला मैदान तक के मार्ग में तथा रामलीला मैदान में कुल कितने पुलिस कर्मचारी और पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया था और वे कुल कितने घंटे वहां तैनात रहे ;

(ग) क्या सरकार को पता है कि गणमान्य व्यक्तियों के लिए इतनी बड़ी व्यवस्था करने से दिल्ली की जनता की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है क्योंकि अधिकांश पुलिस कर्मचारी ऐसी व्यवस्था में लगे होते हैं ;

(घ) क्या सरकार का ध्यान 10 सितम्बर, 1969 को समाचारपत्र "दि हिन्दुस्तान टाइम्स" के मुख पृष्ठ पर प्रकाशित हुए इस आशय के समाचार की ओर दिलाया गया है जिसमें 9 सितम्बर, 1969 को विद्यार्थियों और दिल्ली परिवहन उपक्रम के कर्मचारियों के बीच हुए झगड़े के संबंध में पुलिस की निन्दा की गई है ; और

(ङ) यदि हां, तो क्या गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा की जाने वाली व्यवस्था मे कटौती करने का सरकार का विचार है, ताकि जनसाधारण की उपेक्षा न होने पाय ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) जी हाँ, श्रीमान् ।

(ख) कानून व व्यवस्था के सामान्य कर्त्तव्यों में लगे कर्मचारी वर्ग के अतिरिक्त, प्रधान मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा से सम्बन्धित कर्तव्यों के सिलसिले में मार्ग पर तथा समारोह के स्थान पर कुल 395 पुलिस अधिकारी और व्यक्ति तैनात किये गये थे। सामान्यतः वे लगभग 3 घंटे ड्यूटी पर रहे ।

(ग) दिल्ली में गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए तैनात किए गये पुलिस बल का अधिकांश भाग पृथक आरक्षण से लिया जाता है जो पुलिस थाने के कर्मचारी वर्ग से अलग है । दिल्ली की जनता को सुरक्षा के खतरे में पड़ने का प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) जी हां, श्रीमान् ।

(ङ) ऐसे अवसरों पर सुरक्षा के प्रबन्ध, इस विषय पर स्थायी अनुदेशों और स्थिति की आवश्यक्ताओं के अनुसार, किये जाते हैं । जनसाधारण की उपेक्षा किये जाने का प्रश्न नहीं उठता ।

**यूगोस्लाविया से मालवाहक जहाजों की खरीद**

4611. **श्री श्रीचन्द गोयल** :
**श्री हुकम चन्द कछवाय** :

क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत ने गत तीन वर्षों में यूगोस्लाविया से कुल कितने मालवाहक जहाज खरीदे हैं;

(ख) उनका कुल मूल्य कितना है; और

(ग) इस समय ऐसे कितने जहाज खरीदने का विचार है ?

**संसद कार्य विभाग और नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उप-मंत्री ( श्री इकबाल सिंह ):** (क) से (ग). 1-4-1966 में 27.204 करोड़ रुपये के 10 मालवाहक जहाज यूगोस्लाविया से अर्जित किये जा चुके हैं । इस के अतिरिक्त 28.36 करोड़ रुपये के 5 जहाजों के लिये इस समय यूगोस्लाविया में शिपयाजों को पक्का आदेश है ।

**Demand for Representation for Haryana on Syndicate of Punjab University**

4612. SHRI RAM KISHAN GUPTA: Will the Minister of EDUCATION AND YOUTH SERVICES be pleased to state:

(a) whether Government have received a copy of the resolution adopted by the Haryana college Teachers' Union demanding 40 per cent representation for Haryana on the Syndicate of the Punjab University; and

(b) if so, action taken thereon?

THE MINISTER OF EDUCATION AND YOUTH SERVICES ('DR. V.K.R.V. RAO): (a) No such resolution has been received by the Central Government from the Haryana College Teachers' Union.

(b) Does not arise.

**Installation of Idol in Jalkandeswar Temple**

4613. SHRI N. SHIVAPPA: Will the Minister of EDUCATION AND YOUTH SERVICES be pleased to state:

(a) whether the Government of Tamil Nadu have arrived at any decision regarding the proposal made by Hindus to allow them to place an idol in the old Jalkandeswar Temple, in the Historical fort of Vellore where a mosque and a church are also situated; and

(b) if so, the details thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EDUCATION AND YOUTH SERVICES (SHRIMATI JAHANARA JAIPAL SINGH): (a) Since the Jalkandeswar temple is a Centrally protected monument, the Government of Tamil Nadu had asked the Central Government's permission for installing an idol in the temple. The permission has not been granted as at the time of being declared a monument of national importance it was not in religious use.

(b) Does not arise.

**Employees of Hindustan Shipyard Ltd. not getting any Money after Loan Deductions**

4614. SHRI N. SHIVAPPA: Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a number of workers of the Hindustan Shipyard Ltd., who had taken loans, are not getting any money after the deduction of the loan instalments from their pay; and

(b) if so, whether Government proposed to take any sympathetic view in this respect?

THE DEPUTY MINISTER IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, AND IN THE MINISTERY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI IQBAL SINGH): (a) and (b). No, Sir. Under the Payment of Wages Act, deductions recoverable from the wages of workers including loans should not exceed 75 per cent of their earnings and they should receive the remaining 25% of their pay in cash. The Hindustan Shipyard Limited are complying with the statutor requirement.

**Popularising Mountaineering**

4615. SHRI N. SHIVAPPA: Will the Minister of EDUCATION AND YOUTH SERVICES be pleased to state:

(a) the steps Government propose to take to popularise mountaineering among the youth of the country;